RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 110 • 03:05:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## राजस्थान के डीग में मिले महाभारत और शुंग कालीन अवशेष

- खुदाई में निकले हड्डियों से बने औजार, मौर्यकालीन मातृदेवी का सिर मिला

**भरतपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को बड़ी सफलता मिली है। यहां डीग जिले के बहज गांव में एएसआई को खुदाई में कुषाण कालीन, शुंग कालीन, मौर्य कालीन, महाजनपद कालीन और महाभारत कालीन अवशेष मिले हैं। बहज गांव में 4 महीने से खुदाई जारी थी। खुदाई का काम अभी भी चल रहा है।

ब्रज क्षेत्र में आने वाले डीग जिले के इस गांव में खुदाई के दौरान हड्डियों से बने सुई के आकार के औजार मिले हैं। इन्हें जयपुर पुरातत्व विभाग को भेज



दिया गया है। पुरातत्व विभाग का दावा है कि इस तरह के अवशेष और औजार अब तक भारत में कहीं नहीं मिले हैं।

बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से खुदाई की जा रही है। दावा है कि खुदाई में अब तक ढाई हजार साल से भी ज्यादा पुराने प्रमाण (अवशेष) मिल चुके हैं हैं। इनमें यज्ञ कुंड, धातु के औजार, सिक्के, मौर्यकालीन मातृदेवी प्रतिमा का सिर, शुंग कालीन अश्विनी कुमारों की मूर्ति, फलक, अस्थियों से निर्मित उपकरण, महाभारत कालीन मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े मिले हैं। डीग के बहज गाव में 2 हजार वर्ष से भी प्राचीन काल के बर्तनों के अवशेष मिले हैं। इनकी कार्बन डिटेलिंग के लिए जयपुर भिजवाया गया है।

**हजारों वर्ष पुराने धार्मिक अनुष्ठान के चिन्ह मिले-** खुदाई में अश्विनी कुमारों की प्राचीन प्रतिमा मिली। अश्विनी कुमारों का नाम महाभारत काल में द्रस्त्र और नास्त्य था। अश्विनी कुमारों को नकुल और सहदेव का मानस पिता माना जाता है। बताया जा रहा है कि खुदाई में बहज गांव से 700 ईसा पूर्व अश्विनी कुमारों के प्रमाण ही नहीं, बल्कि हजारों साल पहले यज्ञ, धार्मिक अनुष्ठान होने के प्रमाण भी मिले हैं।

## पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

**पंजाब (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय रूपाणी ने बठिंडा में कहा कि, पार्टी ने फैसला किया है कि पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर हम अकेले चुनाव लड़ेंगे।

## ओडिशा की मयूरभंज लोकसभा सीट से हेमंत सोरेन की बहन को टिकट

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बहन अंजनी को ओडिशा के मयूरभंज से लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के नबा चरण माझी और बीजेडी के सुदाम मांडी से होगा।

## अजमेर में वोटर रजिस्टर गुम होने के बाद वोटिंग जीरो हुई थी

**राजपुर (एजेंसी)।** अजमेर सीट के एक बूथ पर वोटर्स रजिस्टर गुम हो जाने के कारण गुरुवार को दोबारा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग ने 26 अप्रैल को दूसरे चरण में इस बूथ पर हुए मतदान को रद्द घोषित कर दिया था, क्योंकि पोलिंग ऑफिसर से 17-ए रजिस्टर (मतदाताओं का) गुम हो गया था। चुनाव विभाग के मुताबिक अजमेर संसदीय क्षेत्र के नांदसी पोलिंग बूथ पर सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो चुका है।

वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी-

# हमेशा शीशा चढ़ाकर रखें, वरना कार में बैठे-बैठे आ जाएगा हार्ट अटैक !

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप ऐसी जगह रहते हैं, जहां ट्रैफिक का ज्यादा शोर होता है या सफर के दौरान ट्रैफिक के शोर में ज्यादा समय बिताते हैं, तो सावधान हो जाएं।

**ट्रैफिक के शोर से जा सकती है जान!-** अगर आप कार में ज्यादा सफर करते हैं और अक्सर खिड़की खुली रखते हैं, तो आपको हार्ट अटैक सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।

**दिल के रोगों का खतरा-** शोधकर्ताओं ने पाया है कि ट्रैफिक का बढ़ता शोर हृदय संबंधी बीमारियों को बढ़ा सकता है जिसमें दिल का दौरा भी शामिल है।



- **स्ट्रोक और डायबिटीज का भी जोखिम-** शोधकर्ताओं के अध्ययन से पता चला है कि ट्रैफिक के शोर की वजह से न केवल हृदय संबंधी बीमारियां बल्कि स्ट्रोक और डायबिटीज का भी खतरा होता है।
- **जितना ज्यादा शोर, उतना ज्यादा खतरा-** इतना ही नहीं सड़क पर होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ, हृदय रोग का खतरा 3.2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यह अध्ययन सर्कुलेशन रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।
- **रात का शोर सबसे खतरनाक-** वैज्ञानिकों का मानना है कि रात में ट्रैफिक का शोर नींद में खलल डालता है और रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा देता है, जिससे सूजन और धमनियों की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।
- **ट्रैफिक का शोर कम करने के उपाय-** शोधकर्ताओं का मानना है कि घनी आबादी वाले इलाकों में सड़कों के किनारे नॉइज़ बैरियर लगाने से शोर के लेवल को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। साथ ही, सड़क निर्माण में कम आवाज पैदा करने वाली डामर का इस्तेमाल करने से भी शोर को 3-6 डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट का 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका स्वीकार करने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल



सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी।

गुजरात चुनावी सभा में पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा तंज

# कांग्रेस मर रही है...लेकिन पाकिस्तान शहजादे को पीएम बनाने को उतावला है

- पाकिस्तान के फवाद चौधरी ने की थी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अब तक का सबसे बड़ा तंज कसा है। गुजरात के आणंद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं और शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



की गई पोस्ट के बाद की।चौधरी ने अपने हैंडल पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। फवाद चौधरी ने इस वीडियो को एक्स हैंडल पर दोबारा पोस्ट करते हुए लिखा है कि 'राहुल ऑन फायर'।

**फवाद चौधरी की टिप्पणी से वार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटीआई के नेता की पोस्ट का जिक्र करते हुए चुनावी रैली में राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यानी सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूढंना मुश्किल हो रहा है, लेकिन मजे की बात ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। पीएम मोदी ने एक बार फिर से दोहराया कि जब तक वे जीवित हैं तब तक धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देने देंगे। मोदी ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस) अपने घोषणा पत्र में लिखित में कहा है कि अब जो सरकारी टेंडर होंगे, उसमें भी मुसलमानों के लिए एक कोटा फिक्स कर दिया जाएगा। अब सरकारी ठेकों में भी धर्म के आधार पर आरक्षण लाया जाएगा, लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।

## राजस्थान सरकार सुनिश्चित करे कि प्रदेश में कोई बाल विवाह नहीं हो : उच्च न्यायालय

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है।

उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए



हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था।

खंडपीठ ने कहा, राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार, बाल विवाह को प्रतिबंधित करने का कर्तव्य सरपंच पर डाला गया है। इस प्रकार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम राज्य को निर्देश देंगे कि वह राज्य में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई जांच के संबंध में रिपोर्ट मांगे और उस सूची पर भी पैनी नजर रखे जो जनहित याचिका के साथ संलग्न है। आदेश में कहा गया है, ''उत्तरदाताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। सरपंच और पंच को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि यदि वे बाल विवाह को रोकने में विफल रहते हैं, तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 के तहत उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-

## संदेशखाली केस में सीबीआई जांच सही दिशा में

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार (2 मई) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी पार्टी बनाने की परमिशन दे दी है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसे पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं मिल रहा है। मामले में एजेंसी की जांच जारी है। ऐसे में कोर्ट एजेंसी की रिपोर्ट का खुलासा करना नहीं करना चाहेगा। क्योंकि इससे जांच पर असर पड़ सकता है।



# पीएम ने 'मास रेपिस्ट' के लिए वोट मांगकर महिलाओं का अपमान किया : राहुल गांधी

भारत से भागने में आरोपी की मदद की, यही मोदी की गारंटी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने गुरुवार 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट (कइयों के साथ रेप करने वाला) के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रेपिस्ट को भारत से भागने में मदद की। यही मोदी की गारंटी है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। जेडीएस सांसद और एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना गौड़ा पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। राहुल ने ये भी कहा कि जैसे ही हम महालक्ष्मी की बात कर रहे हैं, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को इरीटेशन हो रहा है, उन्हें चिढ़ मच रही है, क्योंकि उनके अरबपति मित्रों को पैसा नहीं मिल पा रहा। हमारी सरकार युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रही है। युवा निधि में आपको यहां अभी 3 हजार रुपए महीना मिलता है। हम पहली नौकरी पक्की स्कीम लागू करने जा रहे हैं। एक साल की नौकरी मिलेगी, 8500 रुपए हर महीने अकाउंट में जाएंगे, एक साल में एक लाख रुपए होंगे। हिंदुस्तान के सारे ग्रेजुएट्स को बेस्ट क्वालिटी ट्रेनिंग मिलने वाली है। उन्होंने (भाजपा सरकार) आपको बेरोजगारी दी, हम आपको अप्रेंटिसशिप का अधिकार और दुनिया की सबसे बेहतरीन ट्रेनिंग देने जा रहे हैं।



**अमेठी से चुनाव लड़ना तय,राहुल के नाम से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा, आज नॉमिनेशन की आखिरी तारीख-** अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि राहुल गांधी के नाम से अमेठी से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। वह कल नामांकन कर सकते हैं।

# मोदी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लाए : प्रियंका गांधी

चिरमिरी में कहा- अब कोविड सर्टिफिकेट से पीएम की फोटो गायब हो गई

**कोरबा (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी। उन्होंने गुजरात में पुल गिरने की घटना का उदाहरण भी दिया। प्रियंका गुरुवार को कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कोविड वैक्सीन 'कोवीशील्ड' को लेकर आई रिपोर्ट का भी जिक्र किया। कहा कि, टीका लगवाकर कुछ लोग मर गए, कुछ बीमार हो गए। पहले सर्टिफिकेट मिलता था, तो उसमें मोदी जी की फोटो होती थी, लेकिन अब लगवाओगे तो नहीं मिलेगी। मोदी जी की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय हुआ, खरबपतियों और उद्योगपतियों के साथ नहीं हुआ। बड़े-बड़े भ्रष्ट नेताओं को अपने पार्टी में डाल रखा है। जो दूसरी पार्टियों के नेता थे। पहले उन पर दबाव डाला, जांच शुरू की। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह दूध के धुले हो गए। मोदी जी ने देश की संपत्ति को अपने मित्रों को सौंप दिया। भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात की। उन्होंने इसके लिए काम किया, लेकिन कुछ पार्टियों और भाजपा को ये पसंद नहीं आया।



गहलोत बोले-

# मोदी कह रहे दो भैंस में एक कांग्रेस ले जाएगी



## पीएम को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि आरक्षण खत्म नहीं करेंगे

**जयपुर (एजेंसी)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी के आरक्षण को लेकर दिए बयानों पर सवाल उठाए हैं। साथ ही एनडीए सरकार के हारने का दावा किया है। गहलोत ने कहा- मोदी को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि हम आरक्षण समाप्त नहीं करेंगे? इनकी पहले की हरकतों को देखकर देशवासियों के जेहन में बात आ गई है। बिना बहस किए जिस प्रकार से संविधान संशोधन किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कानून पास किए गए। जयपुर में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- इनके पिछले रिकॉर्ड को देखकर लोग भय खा रहे हैं। इनकी क्रेडिबिलिटी इतनी डाउन हो गई है कि लोगों को लगता है कि 400 पार की बात इसलिए कर रहे हैं कि उनको संविधान बदलना है। अंबेडकर के संविधान को बदलने की जरूरत नहीं है। इसी को लेकर रिएक्शन है।

गहलोत ने कहा- मोदी के बयान इन दिनों अजीबोगरीब आ रहे हैं। पता नहीं क्या बोल रहे हैं? दो भैंस होगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी, यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंस का बीमा किया था। हम तो यही सोच सकते हैं।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत पर लोगों का हंगामा

# आरा में 55 गाड़ियों में तोड़फोड़, एक ट्रक जलाया

## • घंटों जाम रहा बिहिया-बिहटा रोड

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में बुधवार की रात लोगों ने जमकर हंगामा किया। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर छोटेङ्क्षबड़े ट्रकों को मिलाकर करीब 55 वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और एक ट्रक में आग लगा दी। लोगों के हंगामे के कारण करीब 3 घंटे तक बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे जाम रहा। दरअसल, बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने एक साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान बुजुर्ग पीरो थाना क्षेत्र के मसहिरियां टोला गांव निवासी स्व.सिगासन राम के बेटे बलेश्वर राम (74) के रूप में हुई। वो पीरो बाजार पर सब्जी बेचते थे। हादसे से गुस्साए लोगों ने जोरदार हंगामा किया और शव को सड़क के बीच-बीच रख आगजनी भी की। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर मोड़ के पास की है।

### स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को दी सूचना

मृतक के दामाद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वे रोज की तरह बुधवार की रात पीरो बाजार से सब्जी बेचकर साइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान भागलपुर मोड़ के समीप बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी।



### अधिकारियों के आने के बाद सड़क जाम हटा

सड़क जाम की सूचना पर एसडीएम अनिल कुमार, एसडीओपी राहुल कुमार सिंह और पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने लगे। फिर जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया है

स्ष्ठरूअनिल कुमार ने कहा- एक बुजुर्ग को ट्रक ने रौंद दिया था। हादसे में उसकी मौत हो गई। कुछ असामाजिक तत्वों ने जाम में खड़े ट्रकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक ट्रक में आग भी लगाई है। सभी असामाजिक तत्वों की पहचान कर ली गई। नामजद प्राथमिकी कर कार्रवाई की जाएगी। अभी स्थिति सामान्य है, परिचालन शुरू कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि नो एंट्री को लेकर जिलाधिकारी को एक आवेदन दिया है। जल्द ही नो एंट्री के समय आगे बढ़ाया जाएगा।

### नो एंट्री खत्म होने के बाद रफ्तार बढ़ जाती

पीड़ित ट्रक चालक काजू राजभर ने बताया कि बालू लोड कर गोरखपुर जा रहे थे, तभी 50 की संख्या आए बदमाशों ने एक-एक कर सभी ट्रकों के कांच को तोड़ दिया है। वार्ड पार्षद रवि गुप्ता ने बताया कि शाम होते ही नो एंट्री खत्म हो जाती है। ट्रक, ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर जाते हैं। इस समय बाजार में काफी भीड़ रहती है। यही वजह है कि आए दिन हादसे हो रहे है।

### मृतक की चार बेटियां हैं

मृतक के परिवार में पत्नी संझारो देवी और चार पुत्री रीना, किरण,मीणा और सुशीला है। घटना के बाद मृतक की पत्नी संजरों देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश सहनी ने अपने विवादित बयान पर पीएम से मांगी माफी



**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लेकर मैंने कोई विवादास्पद बयान नहीं दिया था, लेकिन फिर भी अगर किसी को उस बयान से दुख पहुंचा हो, तो मैं खेद प्रकट करता हूं. उन्होंने कहा कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर दिया गया. उन्होंने कहा कि मेरा कहना साफ है कि बीजेपी पिछले करीब 17 साल सत्ता में रही, अगर उसकी नीयत मंडल कमीशन के 40 सिफारिशों को लागू करने की होती तो कर देती. मुकेश सहनी ने सुरक्षा वापस लेने पर भी भड़कते हुए कहा कि बयान देने के कुछ ही समय के बाद उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई. उन्होंने कहा कि सुरक्षा देना या वापस लेने की एक प्रक्रिया होती है, लेकिन जिन्हें संविधान की परवाह नहीं वह सभी संस्थाओं को जेब में रख चुके हैं. इसी की लड़ाई हमलोग लड़ रहे हैं. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं निषादों के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा. अपने हक, अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है, तो फांसी पर लटका दीजिए. मरवा दीजिए. सन ऑफ मल्लाह के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी नवंबर में निषाद आरक्षण की बात की थी, लेकिन नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद वह पीछे हट गई. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं गुलाम बनकर नहीं रह सकता, शुरू से संघर्ष करता रहा हूं, आगे भी करता रहूंगा. उनकी अभी सरकार है फांसी दे दे, लेकिन संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ूंगा.

### शराब की जगह घर में मिला देसी कट्टा, युवक गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र में अलीनगर गांव से पुलिस ने तूफानी सहनी के घर में छापेमारी कर एक देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस को बरामद किया है। इसके साथ ही तूफानी सहनी के बेटे लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मण सहनी शराब का अवैध कारोबार कर रहे है। सूचना के बाद घर में सत्यापन के लिए जब पुलिस पहुंची तो शराब की जगह लक्ष्मण सहनी के कमरे से तकिया के नीचे रखा एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके बाद उसे जब्त कर लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर अपर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि सूर्यगढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर आरोपी और उनके परिजनों का कहना है कि हथियार उनके घर कैसे आया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बिस्तर झाड़ कर सोए थे उस समय तक कोई हथियार नहीं था। घटना की रात घर का दरवाजा खुला था। इधर सूर्यगढ़ा थानांध्यक्ष भगवान राम ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी शराब का कारोबार करने और बाइक चोरी में जेल जा चुका है।

### आरपीएफ ने तीन मोबाइल झपटमार को दबोचा, मोबाइल बरामद

**भागलपुर, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने भागलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 से 3 मोबाइल झपटमार को दबोचने में मंगलवार की शाम सफलता पाई है। बदमाशों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उनकी पहचान बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी किशोर दास, बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के कामदेवपुर निवासी बंटी सिंह और तातारपुर थाना क्षेत्र के रामसर चौक निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनकी और इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह की निगरानी में एसआई संतोष कुमार, शरद कुमार सुमन, पार्थ मिश्रा, एचसी उत्तम सरकार, सिटी राजकुमार, अमीश कुमार की टीम ने शाम को विशेष ड्राइव चलाया था। टीम जब प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर पहुंची तो तीन लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। वे लोग रेलवे ट्रैक पर कूद कर भागने के प्रयास में थे, लेकिन दूसरी ओर से आरपीएफ की टीम ने उन तीनों को दबोचने में सफलता पाई। तीनों ने पकड़े जाने के बाद पहले पुलिस टीम को बरगलाना चाहा, लेकिन उनके पास बरामद मोबाइल के बारे में जब पूछताछ हुई तो वह लोग गोल मटोल जवाब देने लगे।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान को मारी तीन गोली, 15 से अधिक बदमाशों ने की फायरिंग

### ग्रामीणों ने जख्मी किसान को बचा, पटना रेफर



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में बुधवार की रात खेत की रखवाली कर रहे सारण निवासी किसान को गोली लग गई। जख्मी किसान को एक गोली बाए पैर, एक जांघ और एक गोली बाए हाथ की हथेली में लगी है। वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है।

**खेत में बने मचान पर सोए हुए थे :** जख्मी किसान सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व. रजक महतो के 40 वर्षीय पुत्र पुर्नवाशी महतो है। इधर, जख्मी किसान ने बताया कि वे भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के बधार में मेरा खेत है। मैंने खेत में हरी सब्जी नेनुआ, लौका और करैला की खेती किया है। हर रोज की अपने घर से खाना खाकर अपने खेत की नीलगायों से रखवाली करने के लिए खेत में लगे मचान पर सोया हुआ था। इसी बीच 10 से 15 की संख्या आए लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर भागने की कोशिश की। तभी गोली लग गई। किसी तरह वहां अन्य किसानों ने मुझे बचाया।

**पटना रेफर किया गया :** परिजनों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी किसान ने कहा कि किसी से कोई विवाद नहीं है। चिकित्सक सुजीत कुमार ने बताया कि अधेड़ को गोली लगी है। गोली लगने से पैर पूरी तरह फैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

## नव दिवसीय रूद्र महायज्ञ संपन्न, यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर श्रद्धालुओं में दिखी उत्सुकता

### हवन से वातावरण हुआ भक्तिमय



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हरनौत प्रखंड के शेरपुर गांव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित नव दिवसीय पंच कुंडिय शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ बुधवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य पूर्ण चंद उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार के साथ-साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के कर हवन का कार्य संपन्न कराया। इस क्रम में श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के नाम हवन किया। हवन करने को लेकर गांव के साथ-साथ आस पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। नौ दिनों तक चलने वाला यज्ञ में प्रवचन सुनने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर भी महिला-पुरुष व बच्चे काफी उत्सुक दिखे। वहीं मंचन के माध्यम से राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी राजनंदनी जी ने अंतिम दिन राम कथा में शबरी प्रसंग व अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्रीनिवासनंद सरस्वती जी के द्वारा यज्ञ की महिमा समेत विभिन्न सामाजिक सरोकार के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथ पर आधारित प्रवचन श्रद्धालुओं को सुनायें। नौ दिनों तक चलने वाला रुद्र महायज्ञ से नालंदा व पटना जिले के शेरपुर , तीरा , नेहुसा , मिशी , गोखुलपुर , उखड़ा , दैली , घांघ-सिरसी समेत गांव कई गांव भक्ति के सागर में डूबा रहा। इस दौरान कमिटी के तरफ से ब्राह्मणों को विदाई भी दी गई। पूर्णाहूति , ब्रहामण विदाई व भंडारे के साथ यज्ञ का भव्य समापन हुआ। भंडारा में महा प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी खासी देखी गई। इस भंडारा में समरसता झलक रही थी। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप पूरी , बूंदिया व सब्जी का महाभोग परोसा गया। गौरलतब है कि गांव में वर्ष 2019 से महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। उक्त मंदिर का निर्माण में करीब 25 लाख रुपए खर्च हुई है। मंदिर बनने के उपलक्ष्य में महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के सफल संचालन में देवानंद कन्हैया , मिथिलेश , बलवंत , प्रेम राज , नरेश , राम पदार्थ , गोपाल , अनिल , साधु , श्रवण , राकेश सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

## विधायक गोपाल मंडल के बेटे पर एफआईआर, पुलिस से रंगदारी मांगने का आरोप



**भागलपुर, एजेंसी।** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले जेडीयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। भागलपुर के कदवा सहायक थाना में एफआईआर दर्ज की गयी है। कदवा थाना अध्यक्ष मो. नसीब अंसारी के बयान पर दर्ज एफआईआर में आरोपी विधायक पुत्र के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के साथ रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है। विधायक गोपाल मंडल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। गोपाल मंडल बिहार के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। थानाध्यक्ष मो. नसीब अंसारी ने दर्ज एफआईआर में बताया है कि विधायक पुत्र ने रात लगभग 9 बजे फोन कर थाना पर आने को कहा। मैं उस समय शाम की गश्ती में था। हम लगभग 930 बजे थाना पहुंचे, जहां विधायक पुत्र आशीष मंडल अपने 20-25 समर्थकों के साथ मजमा लगाकर प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए थाना का घेराव कर रहे थे। जब मैं विधायक पुत्र आशीष मंडल को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने बात नहीं सुनी और लगातार प्रदर्शन किया जाता रहा। उधर विधायक गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल ने कहा कि थानाध्यक्ष ने जो भी आरोप लगाया है वह निराधार है। हमलोग कदवा पुलिस की मनमानी के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना पर बैठे थे। थाना पर जो भी पीड़ित आवेदन लेकर जाता है थानाध्यक्ष डांट फटकार कर भगा देते हैं और बाद में मुंशी फोन कर पैसा मांगता है। पिछले 21 अप्रैल को आपसी विवाद में कदवा थाना कांड संख्या 11/24 एवं 12/24 में मामला दर्ज किया गया था। जिसको लेकर आशीष मंडल द्वारा थाने में मेल मिलाप का आवेदन देकर केस सुलह करने का दबाव बनाया गया। थानेदार मो. नसीब अंसारी नेकहा कि यहां पर केस दर्ज होता है, मेल मिलाप कोर्ट में होता है। लेकिन आशीष मंडल और उनके समर्थकों ने बात नहीं सुनी। वह प्रदर्शन करने लगे। इसको देखते हुए हमने अपने बयान पर आशीष मंडल सहित नौ लोगों को नामजद और 15 अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।



### ससुराल से बेटी हुई गायब, मां ने कराया मामला दर्ज

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज थाना क्षेत्र की निवासी समीजा खातुन ने अनगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटी महफिजा खातून के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र 22 साल है और दो साल पहले उसका निकाह अनगढ़ थाना निवासी मनसूर आलम पिता स्व मो इलयास गांव चन्दवार के साथ हुआ था। 28 अप्रैल को शाम 5 बजे उसने फोन करके बोला कि पति मनसूर आलम, सास अमीन खातुन, ननद रुकया खान, जेठ जमीन अख्तर और देवर नशीरुददीन सभी लोग मिलकर मारपीट करते है। वहीं 29 अप्रैल को उसने बताया कि वह लोग उसको लेकर कहीं जा रहे है। इसके बाद से बेटी की खोज के लिए भटक रहे है। रिश्तेदारों के साथ उसके ससुराल में आए उसके बाद भी कुछ पता नहीं चला है। इन लोगों ने उसको कहीं गायब कर दिया है।

### समस्तीपुर में युवक के पास से पुलिस ने नगद सवा 12 लाख रूपये किया बरामद, अब जांच में जुटी पुलिस की टीम

**समस्तीपुर, एजेंसी।** पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। लोकतंत्र के महापर्व में पैसे के बलबूते चुनाव प्रभावित करने व पैसे की खेप की बढ़ी आवाजाही पर लगाम लगाने के मद्देनजर पुलिस जांच में जुटी हुई है। लगातार सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जहां भी शक हो रहा है, तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। इसी कड़ी में समस्तीपुर जिले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। विभिन्न रूटों पर लगी बैरिकेडिंग पर वाहन जांच अभियान के दौरान जिले के खानपुर थाने के इलमासनगर चौक पर पुलिस को एक स्कॉर्पियो में बैठे व्यक्ति के पास से करीब 12 लाख 27 हजार रुपए बरामद हुए हैं। वैसे इस मामले को लेकर पुलिस की मानें तो, संबंधित शख्स ने खुद को व्यवसायी बताया है। साथ ही रुपये को कलेक्सन का बताया है। वैसे शुरुआती जांच में रुपये को लेकर सही श्रोत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने इस मामले में इनकम टैक्स को शामिल किया है। इधर, मामले को लेकर खानपुर थाना अध्यक्ष का कहना है कि, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जांच के दौरान यह रुपये बरामद हुए हैं। रुपये को जब्त कर मामले की जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है।÷ गौरतलब है कि जिले में पहले भी इस तरह के बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। जब वोट को प्रभावित करने के लिए दूसरे स्थानों से रुपये मंगाए गए थे। वैसे वर्तमान चुनाव में जिले में बरामद इस राशि का आंकड़ा सबसे ज्यादा है। वैसे अब जांच के बाद यह साफ होगा कि बरामद रुपया जायज है या फिर इसका चुनाव में गलत तरीके से इस्तेमाल होना था।

## दुकान में गोली चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

### मिठाई-समोसा खाने पहुंचे थे, दुकानदार ने टोकन लेने के लिए कहा तो की थी फायरिंग



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के आरा-सासाराम मुख्य मार्ग स्थित नगर पंचायत गड़हनी की गोकुल मिठाई दुकान पर मिठाई-समोसा के लिए पैसे लेकर टोकन मांगने के विवाद में हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग की थी। इस मामले में भोजपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर समेत 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव निवासी विनय यादव का पुत्र विकास यादव और उसका दोस्त चरपोखरी थाना क्षेत्र के दुलौर गांव निवासी भीम यादव है।

**पहले से हत्या समेत अन्य केस दर्ज है :** पकड़े गए अपराधी के पास से 1 पिस्टल, 3 कारतूस, 1 बाइक, 2 किलो 100 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि दोनों अपराधियों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार विकास यादव पहले भी गंभीर मामले में आरोपित है। विकास यादव पहले भी आर्म्स एक्ट और रंगदारी केस में जेल जा चुका है। चरपोखरी और गड़हनी थाने में उसपर हत्या समेत कई केस दर्ज है।

**गोलीबारी में सभी बाल-बाल बचे थे :** एसपी ने बताया कि 6 अप्रैल की शाम दो की संख्या में बदमाशों ने मिठाई दुकानदार से पहले मिठाई और समोसे की मांग की। दुकानदार अनीश कुमार ने जब पैसे देकर टोकन लेने की मांग की तो अपराधी आग बबूला हो गए थे। इसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस दौरान दुकानदार, कस्टमर समेत अन्य लोग बाल-बाल बच गए थे। दुकानदार ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### दो दिन पहले केस मैनेज करने के लिए दुकानदार को धमकी दी थी

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सदर एसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी करते हुए अगिआंव बनकट रोड में पहरपुर, नहरपुल के पास घेराबंदी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों की निशानदेही पर हथियार-कारतूस बरामद किया। स्क्नने बताया कि इसी बीच दो दिन पहले अपराधी विकास यादव ने गोकुल स्वीट के मालिक को कैस मैनेज करने के लिए धमकी दी थी। इस संबंध में भी प्राथमिक की दर्ज की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू खनन पर पुलिस का एक्शन, 11 हाइवा, 5 ट्रैक्टर जब्त

**पटना।** बिहार में अवैध बालू खनन पर रोक के बावजूद गंगा से बालू खनन जारी है। अवैध बालू खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर मनेर पुलिस ने कार्रवाई की है। दानापुर डीएसपी 2 के नेतृत्व में मनेर पुलिस के साथ ही नेउरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के गंगा किनारे से अवैध बालू खनन में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मौके से 11 हाइवा, 5 ट्रैक्टर, 1 पोकलेन एक साथ ही 1 लोडर को जब्त किया है। मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवकों से पूछताछ की जा रही है। अवैध बालू खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर आगे भी करवाई की जायेगी। जो भी इसमें दोषी होंगे उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### CBSE ने बढ़ाई स्कूल एफीलिएशन के लिए आवेदन की तारीख



पटना। केंद्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने सत्र 2025-26 में स्कूल एफीलिएशन के लिए देशभर के स्कूलों से 30 जून तक आवेदन मांगा है। यह आवेदन स्कूलों को ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके साथ ही स्कूलों को जरूरी कागजात भी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। यह ऑनलाइन आवेदन SARAS 5.0 पोर्टल पर 30 जून तक ही प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में सीबीएसई द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि कुछ स्कूलों के सही प्राधिकारी से आवश्यक दस्तावेज जमा करने में देरी हुई है। इस पर कुछ विचार करने के बाद, बोर्ड ने सभी आवेदक श्रेणियों के लिए SARAS 5.0 में 2025-2026 सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब पोर्टल 30 जून तक खुला रहेगा। उस पोर्टल पर निर्धारित मानकों का पालन करते हुए स्कूलों को आवेदन करना है। इसके साथ ही निर्धारित अवधि में स्कूलों को शुल्क भी जमा करना है। स्कूल मिडिल क्लास सिलेबस के अप्रूव्ड, 10वीं व 12वीं कक्षा तक के लिए फ्रेश एफीलिएशन, सेकेंडरी लेवल व सीनियर सेकेंडरी लेवल पर अन्य बोर्ड से सीबीएसई में एफीलिएशन आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

### वाल्मीकि नगर से दीपक यादव ने भरा नामांकन पर्चा




**चाणक्य भूमि बगहा।** आज वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में श्री दीपक यादव द्वारा अपना नामांकन पत्र भरा। दीपक यादव के प्रस्तावक के रूप में नरईपुर निवासी श्री रणजीत राव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बगहा,बनकटवा निवासी श्री अनिल तिवारी, तथा विनवलिया निवासी श्री दीपनारायण प्रसाद जी द्वारा प्रस्तावक होने की पुष्टि की है। नामांकन के समय श्री वीरेंद्र गुप्ता विधायक सिकटा, ब्लॉक प्रमुख लौरिया श्री शम्भू तिवारी, कांग्रेस नेता जयेश सिंह, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। दीपक यादव ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया कि उनके पास 30 करोड़ 53 लाख 41 हजार 686 रुपए की संपत्ति हैं। वहीं, उनकी पत्नी भावना यादव 8 करोड़ 61 लाख 95 हजार 180 रुपए की मालकिन है। साथ ही दीपक यादव के पास गोवा और यूएस में भी आवासीय भवन है। हालांकि, यह भवन इनकी पत्नी भावना यादव के नाम पर है। बेतिया और बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थानों में 3 मामल दर्ज है। इसके अलावा उनके विरोध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का भी 3 मामला दर्ज है।

### पद्मश्री डॉ. नरेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि

**पटना।** पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने पद्मश्री डॉ. नरेंद्र प्रसाद के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरेंद्र प्रसाद का जाना मेरे लिए निजी तौर पर बहुत बड़ी क्षति है। मुझे हमेशा बड़े भाई जैसा प्यार मिलता था। जैसे ही मुझे जानकारी मिली तुरंत पटना पहुंचा। चिकित्सक के तौर पर उन्होंने बेहतर काम किया। इसके अलावा कायस्थ समाज के पुरोधा के रूप में भी जाने जाते थे। उन्होंने कायस्थ समाज को बहुत कुछ दिया है। आज मन दुखी है। मेरे लिए यह विश्वास करना मुश्किल है कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे। ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। बता दें, बुधवार को पद्मश्री डॉ. नरेंद्र प्रसाद का निधन हो गया था। बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

### ठेकेदार हत्या मामले में पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी, जांच के लिए विशेष टीम का हुआ गठन

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ठेकेदार अजय कुशवाहा हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना के बाद एसएसपी राकेश कुमार ने निर्देश पर विशेष टीम गठित कर जांच कर की जा रही है। इस दौरान कई बिंदुओं पर पुलिस ने जांच की। देर रात तक परिजन ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने लिए कोई अवेदन नहीं सौंपा है। पुलिस हत्या के बाद लागातार जांच में जुटी हुई है। इलाके के कई सीसीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है। छानबीन के दौरान हत्या का कारण आपसी रंजिश सामने आई है। हालांकि पुलिस मामले की सारी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मीनापुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि हत्या मामले में 6 माह पहले जमानत पर आया था। कुछ समय से स्कूल के डेस्क-बेंच का टेंडर लेकर बनवाया करता था। इसके साथ शौचालय की सफाई भी करवाने का काम करता था। बुधवार को अचानक अज्ञात तीन अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। जिसके बाद हमलोग घटना स्थल पर पहुंचें और जांच कर रहे है। सीसीटीवी फुटेज भी देख रहे हैं। परिजन ने अभी तक कोई आवेदन नहीं सौंपा है। उनके आवेदन के हिसाब से भी आगे की जांच की जाएगी।



---

**अतिथि शिक्षकों ने गांधी मैदान थाने में दी शिकायत, एजेंसी पर मनमानी का आरोप**

# कहा- 6 महीना सेवा लेने के बाद हटा दिया, वेतन भी नहीं मिला

एजेंसी, पटना।



बिहार में अतिथि शिक्षकों की परेशानी अभी कम नहीं हुई है। वेतन के लिए शिक्षा विभाग और एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं। फरवरी में इन्हें हटाया गया था, लेकिन अभी तक वेतन नहीं मिला है। गुरुवार को अतिथि शिक्षकों ने गांधी मैदान थाने में एजेंसी के खिलाफ शिकायत दी है और वेतन भुगतान कराने का थानाध्यक्ष से आग्रह किया है।

**बिना पेमेंट दिए ही सरकार ने हटा दियाः** पूर्व चंपारण से पटना पहुंचे साहिल यादव ने बताया कि मानसिक और शारीरिक हर तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। गेस्ट शिक्षकों के साथ फ्रॉड किया गया है। आउट सोर्सिंग के जरिए बहाली हुई थी। 6 महीने तक काम किया। उसके बदले में कुछ नहीं मिला। बिना पेमेंट दिए ही सरकार ने हटा दिया।

**वेतन के लिए भटक रहे हैंः** एजेंसी वाले वेतन के बदले धमकी दे रहे हैं। दफ्तर में जाने पर भगा दे रहे हैं। प्रति क्लास 290 और 250 रुपए के हिसाब से तय किया गया था। शहरी इलाके में गेस्ट शिक्षकों को 290 रुपए और ग्रामीण इलाके में 250 रुपए देने थे। प्रतिदिन लगभग 1000 रुपए होता। हमलोगों को 28 फरवरी को हटाया गया। तब से वेतन के लिए भटक रहे हैं। कभी विभाग तो कभी एजेंसी के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं।

**एजेंसी वाले मनमानी कर रहे हैंः** पूर्वी चंपारण के रहने वाले राजीव कुमार ने बताया कि एजेंसी वाले मनमानी कर रहे हैं। वेतन देने में आनाकानी कर रहे हैं। दो चार शिक्षक आते हैं, तो एजेंसी वाले भगा देते हैं। आज संख्या बल में आए हैं, तो एजेंसी के लोग दफ्तर बंद करके गायब हो गए हैं। दबाव में कुछ रुपए भी दिए गए हैं। 70, 75 और 80 रुपए के हिसाब से भुगतान किया गया है। तय रुपए के अनुसार से भुगतान नहीं किया जा रहा है। गांधी मैदान थाने में शिकायत की है। पूरे राज्य में लगभग 10 हजार से अधिक गेस्ट टीचर हैं, जो पेमेंट के लिए भटक रहे हैं। एजेंसी वाले प्रताड़ित कर रहे हैं।

**एजेंसी वाले अब एग्रीमेंट का दबाव बना रहे हैंः** मुजफ्फरपुर से पटना पहुंची कंचन कुमारी ने बताया कि बीते 6 महीने से भटक रहे हैं। अभी तक वेतन नहीं मिला है। एजेंसी वाले अब एग्रीमेंट का दबाव बना रहे हैं। पहले बहाली के समय बताया गया कि वेतनमान विभाग देगा। अब हटा दिया गया है तो कहा जा रहा है कि वेतन एजेंसी देगी। कोशी प्रगति इंडिया के द्वारा बहाली हुई थी। यह आउट सोर्सिंग कंपनी है।

**फरवरी 2023 में हुई थी बहालीः** बता दें, 6 फरवरी 2023 में गेस्ट शिक्षकों की बहाली हुई थी। 28 फरवरी 2024 को विभाग की ओर से हटा दिया गया। तब से ये सभी भटक रहे हैं। गांधी मैदान थानाध्यक्ष सीतराम प्रसाद ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है। मामला शिक्षा विभाग से संबंधित है।

## स्कूल की टाइमिंग को लेकर केके पाठक को लिखा पत्र

एजेंसी, पटना।



सरकारी स्कूल,निजी विद्यालय, आंगनबाढ़ी केंद्र,मदरसा आदि अन्य शिक्षक संस्थाओं के समय बदलाव को लेकर शिक्षा विभाग के ऊपर मुख्य सचिव के के पाठक को चिट्ठी लिखी जा रही है। दरभंगा डीएम ने शिक्षा अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर गर्मी की छुट्टी में चलाए जा रहें विशेष क्लास की अवधि में कटौती करने की अनुमति मांगी है।

**दरभंगा जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को लिखा पत्रः** दरभंगा जिलाधिकारी के द्वारा लिखे पत्र में स्कूल की विशेष कक्षा को सुबह 9 बजे तक चलाने की अनुमति मांगी है। डीएम ने पत्र में कहा है कि सरकारी विद्यालयों में संचालित विशेष कक्षा और मिशन दक्ष के लिए क्लास सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच चलाए जाने की अनुमति दें। यहीं नहीं निजी,अनुदानित विद्यालय जैसे मदरसा,संस्कृत,प्री-स्कूल,आंगनबाड़ी केन्द्र,कोचिंग सेन्टर में भी क्लास सुबह 9 बजे तक करने के संबंध में अनुमति देने की कृपा की जाए।

**हीट स्ट्रोक और लू की वजह बताईः** दरभंगा डीएम ने शिक्षा अपर मुख्य सचिव को लिए पत्र में कहा है कि दरभंगा जिले में लगातार भीषण गर्मी और लू की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में मौसम विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग अलर्ट भी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि जिले के सभी सरकारी स्कूल, निजी स्कूल, मदरसा, संस्कृत विद्यालय, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र और कोचिंग सेन्टर सहित सभी शैक्षणिक गतिविधि में समय परिवर्त्तन करें।

**15 अप्रैल से 15 में तक ग्रीष्मकालीन अवकाशः** बिहार के सरकारी स्कूलों में 15 अप्रैल से 15 में के बीच ग्रीष्मकालीन अवकाश निर्धारित है। इस अवकाश के दौरान स्कूलों में विशेष क्लासेस चलाई जा रही है। आईएएस के के पाठक ने सभी स्कूलों की छुट्टियां रद्द करते हुए सुबह 8 से 10 के बीच विद्यालय खोले जाने को कहा है। इस दौरान हर टीचर को पांच-पांच बच्चे को पढ़ना है। मिड डे मील भी बच्चे को खिलाना है।

## सियाराम ज्वेलर्स के मालिक से 10 लाख की लूट

एजेंसी, पटना।

पटना में बुधवार की रात नाला रोड में सियाराम ज्वेलर्स के मालिक से 10 लाख की लूट हुई है। घटना नाला रोड शशि कॉम्प्लेक्स के पास की है। आभूषण दुकानदार ने बताया कि बाकरगंज स्थित अपनी दुकान बंद कर के घर लौट रहे थे। स्कूटी पर उनके साथ तीन अन्य लोग भी थे। इसी दौरान नाला रोड में अज्ञात लोगों ने उन्हें हाथ देकर रुकवाया। जैसे रूके कुछ समझ पाते तब तक रोकने वालों ने बैग पर अटैक कर दिया। बैग छीनाझपटी के दौरान आभूषण दुकानदार और उनके साथ के लोग अपराधियों से बहादुरी दिखाते हुए लड़े भी। हो हल्ला देखकर स्थानीय लोग भी आ गए। तब तक दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। दुकानदार के मुताबिक तीन राउंड फायरिंग की गई और बैग लूटकर भागने में अपराधी सफल रहे। बैग में 10 लाख रुपए थे। दो बाइक और एक स्कॉर्पियो से अपराधी थे।



**3 राउंड फायरिंग भी की, बाइक और एक स्कॉर्पियो से आए थे बदमाश**

**पकड़ा गया एक अपराधीः** डीएसपी टाउन अशोक सिंह ने बताया कि व्यापारी से लूट हुई है। शशि कॉम्प्लेक्स के पास नाला रोड में घटना को अंजाम दिया गया है। आभूषण दुकानदार और स्थानीय लोगों ने काफी हिम्मत दिखाई। अपराधियों से भी इनलोगों ने फाइट किया। लोगों की मदद से एक अपराधी पकड़ा गया है। बाकी अन्य अपराधियों की बहुत जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। छानबीन चल रही है।

## सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए चिराग पासवान, मुकेश सहनी बोले- हम उनके शेर का बच्चा नहीं मानते

एजेंसी, पटना।



बिहार में लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है। सियासी बयानबाजी तल्ख होते जा रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक दूसरे पर हमलावर हैं। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने चिराग पासवान पर गुरुवार को तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि चिराग सोना का चम्मच लेगकर पैदा हुए हैं। मुंबई गए थे हीरो बनने के लिए फ्लॉप हो गए। खाली अपने आप को हनुमान कहते हैं और शेर का बच्चा कहते हैं। हम उनको शेर का बच्चा नहीं मानते हैं। उन्होंने चिराग पर कहा कि वो शेर का बच्चा बोलकर खाली घूमते हैं। आप पिता के रास्ते पर चलिए आपके पिता और पार्टी को खत्म करने वाला, कुर्सी से हटाने वाले के पीछे-पीछे आप घूम रहे हैं। अपने आप को हनुमान बता रहे हैं। शेर का बच्चा रामविलास पासवान थे। अगर शेर का बच्चा आपको बनना है तो स्वर्गीय रामविलास पासवान के रास्ते पर चलिए जैसे आज हम लोग चल रहे हैं दलितों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

**जेडीयू ने लालू-राबड़ी के शासन को बताया चरवाहा कालः** लोकसभा चुनाव का चरण जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है चुनावी मुद्दे और प्रचार के तरीकों में भी तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। जदयू ने आज पोस्टर जारी कर लालू के 15 साल के शासनकाल को चरवाहा काल बताया है। पार्टी ने कहा कि लालू-राबड़ी राज के 15 साल में 113 चरवाहा विद्यालय खोले गए। वहीं जदयू ने बताया है कि नीतीश काल स्वर्ण काल का समय रहा है। इधर राजद ने पलटवार करते हुए कहा कि लालू ने लोगों को शिक्षित करने के लिए पिछड़े समाज के लोगों को पढ़ने के लिए जागरूक किया। चरवाहा स्कूल की जापान सरकार ने इसकी सराहना की थी। पढ़ने के साथ पुश्तैनी काम भी कर सकें।

**राजद का रोल मॉडल ही चरवाहा विद्यालयः** नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव आपको विकास नजर नहीं आता है। 113 चरवाहा विद्यालय लालू-राबड़ी राज में खोले गए। युवा पीढ़ी को तो आप चरवाहा बना रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाए गए। जो की आपके दिमाग से भी ऊपर चला जाता होगा क्योंकि आपके बारे में तथा कथित दावा यह किया जाता है कि आपने गलती से आठवीं-नौंवी की पढ़ाई पूरी की है। जिसका रोल मॉडल ही चरवाहा विद्यालय हो और जो नई पीढ़ी को चरवाहा बना रहा हो उससे केवल नकारात्मक सोच की अपेक्षा की जा सकती है।

**शाहनवाज का तेजस्वी पर तंज, कहा- पिछली बार जीरो इस पर माइनस में जाएंगेः** तेजस्वी के ये कहने की बीजेपी के नेता लीडर नहीं डीलर हैं इस पर भाजपा के सीनियर लीडर शाहनवाज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि जो पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हो वो बोल रही है। देश और दुनिया के बड़े नेता पर ये बोल रहे हैं। खुद इनकी पार्टी मे गुंडे हैं।

### पटना वीमेंस कॉलेज में एडमिशन फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी


**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज (PWC) ने नए सत्र 2024 में एडमिशन के लिए फॉर्म भरने की आखिरी तारीख को आगे बढ़ा दिया है। अब इच्छुक छात्राएं कॉलेज में यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा में एडमिशन के लिए 15 मई तक फॉर्म भर सकती हैं। वेबसाइट पर विषय अनुसार फीस पेमेंट की जानकारी दी गई है। अभी तक विभिन्न कोर्सेज के लिए करीब 3 हजार से अधिक के आवेदन आ चुके हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में 150 से ज्यादा आवेदन, डाटा साइंस एंड एनालिटिक्स में 80, फैशन डिजाइनिंग में 90 आवेदन आए हैं। एडमिशन संबंधित कोई भी जानकारी के लिए कॉलेज के आधिकारिक वेबसाइट www.patnawomenscollege.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज प्रशासन ने इस बार निर्णय लिया है कि एडमिशन के लिए यूजी और पीजी की एंट्रेंस परीक्षा नहीं होगी।

## दानापुर में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

- **परिजन बोले- ससुराल वालों ने अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर से दिया धक्का, पति और ससुर गिरफ्तार**

एजेंसी, पटना।





दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए बेटी को अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर से धक्का दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना आसोपुर स्थित इंद्रपुरी अपार्टमेंट की है। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान पूजा कुमार उर्फ खुशबू कुमारी के तौर पर हुई है। पति और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूजा के भाई अशोक कुमार झा ने दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में बताया कि तीन साल पहले मधुबनी निवासी गौरव कुमार उर्फ गुड्डू के साथ बहन की शादी हुई थी। वर्तमान में शाहपुर थाना क्षेत्र के आसोपुर में रह रहे थे। गौरव जीविका में कार्यरत है। उन्होंने आगे कहा कि शादी के एक साल बाद से ही दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था। 10 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। हमलोगों से मिलने तक नहीं देते थे। इसी बीच मेरी बहन ने एक पुत्र को जन्म दिया। एक मई को शाम सात बजे के करीब बहन से बात हुई थी। उस समय तक सबकुछ ठीक था। देर रात सूचना मिली कि आपकी बहन चौथे फ्लोर से कूद गई है। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलते है हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे। मेरी बहन को ससुराल वालों ने मार डाला। सास इंदिरा देवी, ससुर सदानंद झा, पति गौरव, ननद मोनी और सोनी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पटना जू घूमने के लिए दर्शक ऑनलाइन टिकट कटा सकेंगे

**पटना।** संजय गांधी जैविक उद्यान यानी पटना जू में सैर करने वाले विजिटर्स अब सात दिन पहले ही एडवांस ऑनलाइन टिकट कटा सकते हैं। लोग घर बैठे जू की वेबसाइट zoopatna.com पर जाकर अपना टिकट बुक कर सकते हैं। एडवांस ऑनलाइन बुकिंग के लिए सात दिन की ही सुविधा दी गई है। जू प्रशासन ने कहा कि दर्शकों की भीड़ को देखते हुए और उन्हें सहूलियत देने की एक कोशिश के रूप में यह सुविधा प्रदान की जा रही है। यह एडवांस टिकट सिर्फ जू में एंट्री के लिए है। मछली घर या फिर अन्य चीजों को इसमें नहीं जोड़ा गया है। मछली घर के लिए ऑनलाइन टिकट सुविधा बहाल करने की प्रक्रिया चल रही है। फिर दर्शक ऑनलाइन प्रवेश टिकट के साथ मछली घर का टिकट भी कटा सकेंगे। इसके अलावा मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए ऑनलाइन पास इसमें शामिल नहीं है।

## तेजस्वी ने गलती से की 9वीं तक की पढ़ाई

**जदयू ने लालू राज को बताया चरवाहा काल, राजद ने कहा- जापान ने की थी तारीफ**

एजेंसी, पटना।



लोकसभा चुनाव का चरण जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है चुनावी मुद्दे और प्रचार के तरीकों में भी तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। पहले नेता मंच पर आकर एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगा रहे थे तो वहीं अब पक्ष और विपक्ष दोनों सबूतों के साथ मैदान में उतर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जहां भी जा रहे हैं वहां प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का पुराना ऑडियो जनता को सुना रहे हैं। इस पर बीजेपी और जदयू ने राजद को घेरा है। जदयू ने आज पोस्टर जारी कर लालू के 15 साल के शासनकाल को चरवाहा काल बताया और कहा कि लालू राज के 15 साल में 113 चरवाहा विद्यालय खोले गए। वहीं जदयू ने बताया है कि नीतीश काल स्वर्ण काल का समय रहा है।

**राजद का रोल मॉडल ही चरवाहा विद्यालयः** नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव आपको विकास नजर नहीं आता है। 113 चरवाहा विद्यालय लालू-राबड़ी राज में खोले गए। युवा पीढ़ी को तो आप चरवाहा बना रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाए गए। जो की आपके दिमाग से भी ऊपर चला जाता होगा क्योंकि आपके बारे में तथा कथित दावा यह किया जाता है कि आपने गलती से आठवीं- नौंवा की पढ़ाई पूरी की है। जिसका रोल मॉडल ही चरवाहा विद्यालय हो और जो नई पीढ़ी को चरवाहा बना रहा हो उससे केवल नकारात्मक सोच की अपेक्षा की जा सकती है।

**राजद ने किया पलटवारः** लालू ने लोगों को शिक्षित करने के लिए पिछड़े समाज के लोगों को पढ़ने के लिए जागरूक किया। चरहावा स्कूल की जापान सरकार ने इसकी सराहना की थी। पढ़ने के साथ पुश्तैनी काम भी कर सकें। राबड़ी- लालू के कार्यकाल में जितने विवि की स्थापना हुई।

## पिकअप की टक्कर से बाईक सवार(नेपाली व्यक्ती)की मौत

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

इनरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडो नेपाल बोर्डर सैनिक रोड सेमरबारी पुल के समीप बुधवार को पिकअप की ठोकर से एक बाईक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई ठोकर मारने के बाद पिकअप चालक को ग्रामीणों ने मौके पर पकड़ लिया । जिसके बाद ग्रामीणों ने इनरवा पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है । गिरफ्तार पिकअप चालक की पहचान लालु कुमार उम्र (22) वर्ष पिता बिधयानन्द प्रसाद साकिन नवासी जिला पटना के रूप में किया गया है। जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है । पिकअप को जब्त कर थाना लाया गया है। शव की पहचान हरि यादव उम्र (55) वर्ष साकिन घोरदौरा नेपाल के रूप में किया गया है। परिजनों को सूचना दे दिया गया है। जिसके बाद शव को कब्ज़े में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जी एम सी एच अस्पताल बेतिया को भेज दिया गया है।



चाणक्य भूमि
+91 94724 94714

# राज्य एवं केंद्रीय टीम कर रही है टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग

चाणक्य भूमि मोतिहारी



टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में राज्य एवं केंद्रीय टीम के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंडों में चल रहें मेडिकल कैंप में यक्षमा रोगियों की पोर्टेबल एक्स रे मशीन से हो रहें जांच का निरीक्षण किया जा रहा है। चाय दिल्ली के अहेली बासु ने कहा कि पोर्टेबल एक्स रे मशीन से अब टीबी मरीजों की जांच बेहद कम समय में आसानी से हो जा रही है, उन्होंने बताया की इस मशीन से एक दिन में ही सैकड़ों लोगों की जाँच की जा रही है। जिससे टीबी मरीजों की खोज आसानी से हो रही है। इस संबंध में वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला प्रतिनिधि रामजनम सिंह ने बताया कि जिले के 27 प्रखंडो के पीएचसी स्तर पर एवं अनुमण्डलीय अस्पतालों में मेडिकल कैंप लगाकर यक्षमा रोगियों की पहचान की जा रहीं है, ताकि टीबी मरीजों का समय पर पहचान एवं इलाज कर इसके प्रसार को खत्म किया जा सकें। उन्होंने बताया कि अल्ट्रा पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीन से टीबी की एक्टिव केस की फाइंडिंग की जा रहीं है ।जिससे टीबी मरीजों की पहचान बेहद कम समय में हो रही है।उन्होंने बताया की वर्ष 2019 में जिले में टीबी मरीजों की संख्या 4092 थीं,2020 में 5118, 2021 में 6141, 2022 में 7094, वहीं 2023 में टीबी मरीजों की संख्या बढ़कर 8531तक पहुंच गईं है, जिनमें पुरुष 5103, महिलाए 3427, बच्चे 787 है, वहीं एमडीआर के 176 मामले है। उन्होंने बताया की टीबी

- **मेडिकल कैंप लगाकर पोर्टेबल टीबी मशीन से हो रही है टीबी के संभावित मरीजों की जांच अभी तक 8 हजार 600 से ज्यादा मरीजों का हो रहा है इलाज**

एक संचारी रोग है जिसमें सावधानी पूर्वक पूरी दवा का कोर्स करना जरूरी होता है। उन्होंने बताया की जिले के सभी सरकारी अस्पताल में टीबी की मुफ्त जाँच एवं दवाए उपलब्ध है। केसरिया प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग एवं वर्ल्ड विज़न इंडिया संस्था के सहयोग से कैम्प का आयोजन कर टीबी के संदिग्ध मरीजों का स्क्रेनिंग अल्ट्रा पोर्टेबल डिजटल एक्सरे मशीन से किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्चना ने बताया की हेल्थ कैम्प में लगभग 116 रोगियों का पोर्टेबल मशीन से एक्सरे किया गया जिसमें से 18 टीबी के रोगी पाये गये, उन्होंने बताया की मरीजों का बलगम संग्रह कर नेट टेस्टिंग के लिये भेजा गया है, बलगम जांच में पोजेटिव पाये जाने पर उन सभी रोगियों को टीबी की मेडिसिन चलाया जायेगा। अमरजीत प्रभाकर, स्टेट लीड चाय पटना ने बताया की टीबी से बचाव के लिए सावधानी जरूरी है, टीबी के लक्षण होने पर बलगम की जांच कराएं। एक्स-रे कराएं। चिकित्सक द्वारा पुष्टि करने पर सावधानी बरतें। घरों में साफ-सफाई रखें। बीमार व्यक्ति मुंह पर रुमाल लगाकर चले। जिला टीबी अस्पताल, सभी पीएचसी एवं डाट्स सेंटर पर टीबी मरीजों का इलाज होता है। वहां से निःशुल्क दवाएं ले सकते हैं।बीच में दवा न छोड़ें।इलाज के दौरान खूब पौष्टिक खाना खाएं। एक्सरसाइज करें, योग करें। मौके पर अमरजीत प्रभाकर, स्टेट लीड चाय पटना,मिस .अहेली बासु , कम्युनिकेशन एक्सपर्ट , चाय दिल्ली रामजनम सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्चना, डिस्ट्रिक्ट लीड वर्ल्ड विज़न इंडिया,जितेन्द्र कुमार, डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर ,अनुप्रिया सिंह, एसटीएस संजीव सिँह, महिपाल यादव, सीएचओ उत्कर्ष कुमार, कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर मुकुल कुमार, ऐक्स रे टेक्नीशियन व अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थें।

# नौतन में निषाद संघ ने जुटता का परिचय देते हुये इन्डिया गठबंधन को दिया समर्थन

चाणक्य भूमि बैरिया



नौतन विधानसभा क्षेत्र के निषाद समाज के लोग अब गोलबंद हो गए है। नौतन विधानसभा के विभिन्न पंचायत से विन्द,मलाह तूरहा जाति के लोगों ने नौतन प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत में हुई सभा में उपस्थित हुए। सभी निषाद संघ के वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि निषादों के आरक्षण के लिए लड़ने वाले मुकेश साहनी को समर्थन देने की बात कही भाजपा से स्थानीय सांसद संजय जयसवाल जी द्वारा आरक्षण का विरोध किया गया। जिसके चलते हम लोग को आरक्षण नहीं मिला। निषादों के पेट में खंजर घोपने के काम भाजपा के लोगों ने किया। इसके खिलाफ एक आवाज में सभी निषाद वंशजों ने नारा लगाए कि भाजपा हटाओ निषादों का आरक्षण बचाओ,संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ निषाद संघ के सभी वक्ताओं ने कहा कि डॉ संजय जयसवाल सरैया मन में मछली मारने पर रोक लगा दिया है। जिससे दस हजार लोग सिसवा सरैया,तुमकादिया,मलाही बलुआ के लोग मछली मारने से वंचित हो गए हैं। इसका बदला 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में एक राय होकर भाजपा के वोट के खिलाफ महागठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी को जीतने का संकल्प लिया गया। इसमें उपस्थित मुखिया संघ के प्रवक्ता नवीन कुमार लक्ष्मीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया जवाहर मुखिया, प्रेम मुखिया,निरंजन मुखिया,शंभू मुखिया,उत्तरी तेल्हुआ के मुखिया कैलाश मुखिया,नौतन प्रखंड के प्रमुख कृष्णा चौधरी,मनोज चौधरी,अशोक मुखिया,अवधेश मुखिया,कासिम चौधरी,वकील चौधरी,राजदेव चौधरी,धामू चौधरी,सुदर्शन मुखिया इत्यादि संघ के प्रवक्ताओं ने सभा को संबोधित किया तथा सभी लोगों ने 4 मई को महागठबंधन के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के नामांकन में एकजुट होकर चलने का आवाहन किया।

# लोस चुनाव दो पार्टियों के बीच नहीं बल्कि दो बिचार धाराओं के बीच है:डॉ.संजय जायसवाल

चाण्क्य भूमि बेतिया



आगामी 25 मई को आयोजित होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल का चुनाव प्रचार चरम पर है।सुबह से लेकर शाम तक उनका जनसंपर्क अभियान लगातार चल रहा है।इसी क्रम में उन्होंने आज क्षेत्र के बलुआ, जीतना, झाजरा, सठौरा, घोंगिया, बिजबनी, कोइरगांव, अठमुहान व जगीराहा सहीत अनेकों गांवों का दौरा कर लोगों से जीत का आशीर्वाद माँगा। लोगों से मिल रहे समर्थन से गदगद डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि चंपारण के लोग अपनी राजनीतिक समझ और सूझ-बुझ के लिए जाने जाते हैं । उन्हें अच्छे से पता है कि यह चुनाव सिर्फ दो पार्टीयों के बीच नहीं बल्कि दो विचारधाराओं के बीच है. इसमें एक तरफ देश को आगे बढ़ाने के लिए मोदी की गारंटी है, दूसरी तरफ परिवार की जमींदारी बचाने की कवायद चल रही है । हम जहां देश को समृद्ध बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ युवराजों की राजनीतिक दुकानदारी जमाने का सपना देख रहे लोग हैं। चंपारण की जनता इस बात को अच्छे से समझती है, यही वजह है कि चिलचिलाती गर्मी के बावजूद पूरे उत्साह के साथ घरों से बाहर निकल अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंपारण की जनता भूली नहीं है कि राजद-कांग्रेस के राज ने हमारे क्षेत्र की कैसी दुर्गति बनायी हुई थी। उनके कुशासन ने महर्षि वाल्मीकि और महात्मा गांधी के नाम से पहचाने जाने वाले हमारे क्षेत्र को 'मिनी चंबल' के नाम से प्रसिद्ध कर दिया था । उस समय लोगों को सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ता था। लेकिन एनडीए सरकार ने पूरे दृश्य को बदल डाला और आज चंपारण के हर गांव विकास की रौशनी से जगमगा रहा है. यहां के लोग जान चुके हैं विकास का मतलब एनडीए ही है।

# मोबाइल दुकान में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर

चाणक्य भूमि मैंनाटाड

मैनाटांड के शुभद्रिका मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स नामक मोबाइल दुकान में बुधवार की देर रात एक चोर ने मोबाइल चुराने के नियत से दुकान में घुसा था। गेट का ताला तोड़कर चोर ने घटना को अंजाम दिया। मोबाइल दुकान के मालिक सोनू कुमार के अनुसार दुकानदार हर दिन की भांति रात में दुकान बंद कर सोने चले गये। नीचे दुकान व ऊपर मकान है। दुकानदार के पिता सुभाष प्रसाद विद्यार्थी ने उसी दिन देर रात को रिश्तेदार की शादी से वापिस घर आये। उसी दौरान गेट खोलने सोनू आये तो देखा कि दुकान से कुछ गिरने का आवाज आ रहा था। दोनों ने दुकान का गेट खुला देख दुकान में आये तो देखा कि एक लड़का मोबाइल व नगद रुपया की चोरी कर रहा था। पकड़ कर जांच किया गया, जांच के दौरान दुकान में रखें मोबाइल और कुछ नगद रुपया बरामद की गई। चोर ने सबसे पहले दो सीसीटीवी तोड़ दिया था। दुकानदार ने चोर को अच्छे तरह पीटा और डरा-धमका कर छोड़ दिया। इधर थानाध्यक्ष ने बताया की घटना की सूचना मिली थी। आवेदन मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# आखिरकार नगर निगम के कार्यो में गुणवत्ता की कमी के कौन है जिम्मेदार

चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया नगर निगम का भ्रस्टाचार क्यूँ नहीं रोकना चाहते है निगम के अधिकारी क्या उनकी अवैध कमाई का जरिया है यह भ्रस्टाचार सवाल तो बहुत है पर कौन देगा जवाब आखिर जनता क्यूँ नहीं माँगती जवाब आखिर जिन जनप्रतिनिधियों को जनता ने चुना है वो क्यूँ है बेबस इन अधिकारियों के आगे। बेतिया नगर निगम के अधिकारियों द्वारा भ्रस्टाचार पर अंकुश नहीं लगा पाना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचारियो से उनके बेहतर रिश्ते की तरफ इशारा करता है। और बेहतर रिश्ते निभाने की बजह से ही अधिकारियों को इनका भ्रस्टाचार दिखाई नहीं देता।




- **आखिरकार जाँच क्यूँ नहीं होती और होती है तो फिर क्यूँ नहीं होती कारवाई**
- **आखिर जनता ने जिन्हें इसकी देखभाल के लिये चुना है वो क्यूँ रहते है चुप**

अगर सूत्रों की बात का विश्वास करे तो नगर निगम के निर्माण कार्यों के लिये जो राशि खर्च की जाती है उसका एक बड़ा हिस्सा कमिशन के रूप मे बाँट लिया जाता है परंतु इसकी सच्चाई क्या है यह तो अधिकारी ही जाने परन्तु जिस हिसाब से घटिया निर्माण हो रहा है वह सूत्रों के दावों को बल प्रदान करता है।ताजा उदाहरण वार्ड नंबर 6 का है जहां लगभग दस लाख रुपये से बनी सड़क महीनों भी नहीं चली और महीने बीतने से पहले यह सड़क उखड़ने लगी। परन्तु किसी भी अधिकारी ने इसकी वज़ह जानने की कोशिश नहीं की और क्यूँ करे जब उसे इसकी असली वजह क्या है। इस सम्बन्ध मे जब वार्ड के पार्षद ज़ीनत परवीन से सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन भी अधिकाँश महिला वार्ड पार्षद की तरह उनके पति ने उठाया और वो हमे कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके। ऐसा प्रतीत हुआ कि वो भी भ्रष्टाचारियो को बचाने में लगे दिखे आखिर इसकी वजह का अंदाजा हमे हो गया। इस सम्बंध में जब सशक्त कमिटी के एक पार्षद से बात की गई तो उन्होंने साफ़ साफ़ शब्दों मे कहा कि अब हमलोग आवाज नहीं उठा सकते है हमलोग आवाज उठाते है तो हमारे लोगों को परेशान किया जाता है पूरे नगर निगम के भ्रस्टाचार को रोकने में हम लोग असक्षम है। उन्होंने बताया कि खुद हमारे वार्ड में होने वाले घटिया निर्माण पर आवाज उठाने पर हमे परेशान किया जाता है।

# ओझा मठिया के युवक का शव पेड़ से लटका मिला

चाण्क्य भूमि मझौलिया



**बरवां** सेमराघाट पंचायत के ओझा मठिया वार्ड 13 में सिकंदर कुमार(18) वर्ष का शव शमशान के निकट जामुन के पेड़ से लटका मिला।शौच के लिये सरेह में गये लोगों की नजर पड़ी तो जंगल की आग की तरह मामला फैल गया।हल्का चौकीदार की सूचना पर मझौलिया पुलिस हरकत में आयी ।तत्काल दल बल के साथ इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र घटनास्थल पर पहुंचे।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। मृत युवक सिकंदर कुमार उर्फ ननकी ओझामठिया गावं निवासी मनकेश्वर साह का पुत्र के रूप में चिन्हित किया गया।मृत युवक के पिता मनकेश्वर साह ने प्रेम प्रसंग में पुत्र की हत्या किए जाने और पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है।बताते चले कि युवक सिकंदर का प्रेम प्रसंग पड़ोस की एक लड़की के साथ चल रहा था।इसका विरोध लड़का के माता पिता तथा लड़की के माता पिता भी करते थे।बीती रात किसी बात पर युवक की पिटायी किये जाने की बात कही जा रही है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्ट्वा युवक की हत्या कर शव को पेड़ की अधिक ऊंचाई पर ले जाकर गले मे फंदा लगाकर लटका दिया गया है।उन्होंने बताया कि मृत युवक के मुंह मे कपड़ा भी ठूसा गया है।उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।।घटना को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है।इस हत्या कांड से सनसनी फैल गयी है।

- **हत्या कर शव को लटकाने की आशंका सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा**

# पारिवारिक कलह की वजह से महिला ने की खुदकुशी

- **मृत महिला पेशे से शिक्षिका थी और पति से तलाक का मुकदमा चल रहा था पुलिस मामले को जाँच में जुटी है। मृत्तिका के पिता के अनुसार उनकी बेटी का प्रेम विवाह हुआ था**

चाणक्य भूमि बेतिया

बेलबाग बंगाली कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और उसके बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। मृत महिला की पहचान अमित बनी की पत्नी अनिता दाश के रूप मे हुई है। परिजनों के अनुसार मृत्तिका की शादी प्रेम विवाह थी और लगभग 15 वर्ष पुर्व हुई थी ।शादी के बाद से ही ससुराल वाले इसे प्रताड़ित किया करते थे पिछ्ले छह महीने से वह अपने मायके में रह रही थी और पति के साथ तलाक का मुकदमा चल रहा था।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714